मुझे लगता है कि मैं जो एकमात्र बदलाव करूंगा वह शायद एकदिवसीय क्रिकेट को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रखना है।
– हेनरिक क्लासेन

पूर्व दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज, वनडे को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करने को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

जोआओ फोंसेका

जोआओ फोंसेका ने बुधवार को विंबलडन के तीसरे दौर में पहुंचकर इतिहास रच दिया। 18 वर्षीय ब्राजीलियाई खिलाड़ी ने तीन घंटे से ज्यादा समय तक चले एक कठिन मुकाबले में अमेरिकी जेनसन ब्रूक्सबी को 6-4, 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अपने करियर के सिर्फ चौथे टूर लेवल इवेंट में फोंसेका ने अपनी उम्र से कहीं ज्यादा परिपक्वता दिखाई। कोर्ट 12 पर मुश्किल परिस्थितियों से जूझते हुए फोंसेका ने अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ धैर्य बनाए रखना। ईस्टबोर्न में फाइनल में भाग लेने वाले ब्रूक्सबी ने कुछ मौकों पर सफलता हासिल की।

क्या आप जानते हैं ?... शुभमन गिल इंग्लैंड और सेना देशों में दोहरा शतक जड़ने वाले भारतीय कप्तान बने।

8वीं हाजी गनी बाबा स्मृति लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

जयपुर, 3 जुलाई। सबा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 8वीं हाजी गनी बाबा स्मर्ति लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता के.एल सैनी स्टेडियम

पर आज खेले गये मैचों में प्रतीक मान 68 रन की अद्धर्शतकीय पारी तथा हर्षित शर्मा 29 रन पर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत आर डी क्रिकेट एकेडमी को 6 विकेट से हराकर नीरज मोदी क्रिकेट एकेडमी ने 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर आर.डी. क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये विजय चौधरी 29 रन, अनिल कुमार 27 रन की पारियों की मदद के बावजूद पूरी टीम 19.3 ओवर में 112 रन पर सिमट गयी। गेंदबाजी में नीरजा मोदी क्रिकेट एकेडमी की ओर से हर्षित शर्मा 29 रन पर 3 विकेट, जतिन सैनी 4 ओवर में 9 रन पर 2 विकेट, निखिल कोली 3.3 ओवर में 11 रन देकर 2 विकेट तथा मोन्टी जायसवाल व आदित्य झाला प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में नीरजा मोदी क्रिकेट एकेडमी ने प्रतीक मान 68 रन (50 गेंद 7 चौके 4 छक्के), त्रिलोक सैनी 21 रन नाबाद, विवेक सैनी 15 रन की मदद से विजय लक्ष्य 113 रन 4 विकेट खोकर 17 ओवर में हासिल कर 6 विकेट से जीत दर्ज कर ली।

महाराणा प्रताप एवं गुरू वशिष्ठ पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

आवेदन 31 तक भिजवाये जा सकेंगे

जयपुर, 3 जुलाई। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों और प्रशिक्षको के लिए महाराणा प्रताप एवं गुरू वशिष्ठ पुरस्कार के आवेदन आमंत्रित किए गए है। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि सभी जिला खेल अधिकारियों को अपने-अपने जिलों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों और प्रशिक्षको के आवेदन प्राप्त कर परिषद को भेजने के निर्देश दिए गए है। आवेदन भेजने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई है। उन्होने बताया कि इच्छुक खिलाडी व प्रशिक्षक जयपुर में जहां खेल परिषद मुख्यालय और जिला खेल अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। साथ ही आवेदन का प्रारूप खेल परिषद की वेबसाईट www.rssc.in से प्राप्त कर सकते है।

जयपुर जिला एथलेटिक संघ के चुनाव 27 जुलाई को

एनएस यादव रिटायर्ड सेल टैक्स ऑफिसर चुनाव अधिकारी नियुक्त

जयपुर, 3 जुलाई। संयोजक, जयपुर जिला एथलेटिक संघ एडहॉक समिति, गोपाल सैनी ने बताया कि आज जयपुर जिला एथलेटिक संघ की साधारण सभा की मीटिंग हुई। उनमें 20 में से 19 क्लबों ने भाग लिया और सर्व समिति यह निर्णय लिया गया कि 27 जुलाई को जयपुर जिला एथलेटिक संघ के चुनाव करवाए जाएं जिससे कि खेल सुचारू रूप से हो सके और चुनाव के लिए एनएस यादव रिटायर्ड सेल टैक्स ऑफिसर को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

झुंझुनूं की अजमेर पर 3-0 जीत के साथ सेमीफाइनल में

जयपुर, 3 जुलाई। राजस्थानी स्टेट जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 -26 को आज दो मुकाबले खेले गए। राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज

हुए मुकाबलों में पहला मैच-इंडियन स्कूल के मैदान में मुकाबला झुंझुनू वर्सेस अजमेर जिसमें झुंझुनू 3-0 से विजई रहा झुंझुनू टीम में दो गोल जोहा खान एक गोल लकी ने किया । दूसरा मैच-झुंझुनूं अकादमी के खेल परिसर में हनुमानगढ़ वर्सेस जोधपुर के मध्य खेला गया जिसमें हनुमानगढ़ टीम 4-0 से विजेता रहा हनुमानगढ़ की ओर से दो गोल पूजा ने ओर दो गोल एकता ने किए । आज के मैच में मुख्य अतिथि मोनिका राव चेयरपर्सन मरूधरा हुंडई झुंझुनूं ओर साथ में जिला फुटबाल संग के सचिव महेंद्र बिजारणियां सचिव गंगानगर मदन बेनीवाल सचिव नागौर फर्द अली, विकाश बुढ़ानिया, मनोज सैनी प्रकाश जांगिड़ ओर अमर सिंह राठौड़ मौजूद रहे। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला 4 जुलाई को इंडियन स्पोर्ट्स ग्राउंड में झुंझुनूं ओर बीकानेर के बीच खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला झुंझुनूं अकादमी के खेल परिसर में हनुमानगढ़ ओर नागौर के मध्य खेला जायेगा फाइनल मुकाबला इंडियन स्कूल मैदान में खेला जाएगा खेले जाएंगे।

देवेंद्र क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 3 जुलाई। अंडर-16 अरावली कप में बालाजी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 31 ओवर में 120 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाए। तुषार सिंह ने सर्वाधिक 57 रनों का योगदान दिया ! देवेंद्र सिंह शेखावत क्रिकेट अकादमी की ओर से अनुराग लखन ने 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवेंद्र सिंह शेखावत क्रिकेट अकादमी ने 21 ओवर में 121 रन 3 विकेट के नुकसान पर बना कर जीत हासिल कर ली ! जतिन ने सर्वाधिक 63 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच अनुराग लखन को चुना गया।

भारत पहली पारी में 587 रन पर आउट

शुभमन गिल ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में जड़ा अपना पहला दोहरा शतक

बर्मिंघम, 3 जुलाई। भारतीय टीम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट की पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 587 रन पर ऑलआउट हो गई है। गुरुवार को मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया ने 310/5 के स्कोर से खेलना शुरू किया। भारत की ओर से शुभमन गिल 269 रन बनाकर आउट हुए। वे टेस्ट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान बने। उनके अलावा, यशस्वी जायसवाल 87 और रवींद्र जडेजा 89 रन बनाकर आउट हुए। वॉशिंगटन सुंदर ने 42 रनों का योगदान दिया। इंग्लैंड से शोएब बशीर ने 3 विकेट चटकाए। क्रिस वोक्स और जोश टंग को 2-2 विकेट मिले। ब्रायडन कार्स, जो रूट और कप्तान बेन स्टोक्स को एक-एक विकेट मिले।

दूसरे दिन का दूसरा सत्र भी पूरी तरह से गिल और भारत के नाम रहा। दूसरे सत्र में भारत ने टी से ठीक पहले वॉशिंगटन सुंदर के रूप में एकमात्र विकेट गंवाया लेकिन इस सत्र में भारत ने कुल 145 रन जोड़े। हालांकि इस दौरान भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने भी बतौर टेस्ट कप्तान कई कीर्तिमान अपने नाम किए। गिल इंग्लैंड और सेना देशों में दोहरा शतक जड़ने वाले भारतीय कप्तान बने और 255 के निजी स्कोर तक पहुंचते ही वह बतौर भारतीय टेस्ट कप्तान सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए और उन्होंने विराट कोहली के 254 के स्कोर को पीछे छोड़ दिया। भारतीय कप्तान ने 380 गेंदों का सामना करते हुए अपनी रिकॉर्ड तोड़ पारी में 30 चौके और तीन छक्के लगाए हैं। सुबह के सत्र में रवींद्र जडेजा 89 रन बनाकर आउट हुए जबक दूसरे सत्र में सुंदर 42 रन बनाकर आउट हुए। चाय के समय आकाशदीप खाता खोले बिना गिल के साथ क्रीज पर हैं।

तिलकरत्ने दिलशान को पीछे छोड़ा

इंग्लैंड में शतक लगाकर गिल ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में दोहरा शतक लगाने वाले पहले एशियाई कप्तान बन गए। इसके अलावा वह सेना देशों में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने इस मामले में श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज तिलकरत्ने दिलशान को पीछे छोड़ दिया। गिल से पहले दिलशान के नाम इन देशों में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज था। उन्होंने 2011 में लॉर्ड्स में 193 रन बनाए थे।

पटौदी के बाद दोहरा शतक बनाने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय कप्तान बन गए हैं

भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को ऐतिहासिक पारी खेलते हुए अपने टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक बनाकर इतिहास रच दिया है। शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ आज यहां दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 311 गेंदों में में 21 चौकों और दो छक्कों की मदद से अपना पहला टेस्ट दोहरा शतक पूरा किया। वह इंग्लैंड की जमीन पर यह कारनामा करने वाले तीसरे टेस्ट कप्तान है। इससे पहले सुनील गावस्कर ने 1979 में द ओवल में 221 रन और राहुल द्रविड ने 2002 में द ओवल में ही 217 रन की उपलब्धि दर्ज की थी। गिल इस शतक को बनाने के साथ ही बतौर कप्तान दोहरा शतक लगाने वाले छठे भारतीय बन गए हैं। गिल 25 साल 298 दिन की उम्र में मंसूर अली खान पटौदी के बाद दोहरा शतक बनाने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय कप्तान बन गए हैं। पटौदी ने 1964 में 23 साल 39 दिन की उम्र में दिल्ली में दोहरा शतक बनाया था।

जडेजा ने कपिल देव को पीछे छोड़ दिया

भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 310 रन से की थी, लेकिन गिल और रवींद्र जडेजा ने छठे विकेट के लिए 203 रन जोड़कर भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जडेजा शतक पूरा नहीं कर सके और 89 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन गिल टिके रहे और उन्होंने दोहरा शतक पूरा कर लिया। जडेजा और गिल के बीच हुई यह 200 रनों की साझेदारी इंग्लैंड के खिलाफ किसी भारतीय जोड़ी के बीच छठे या उससे नीचे के विकेट के लिए तीसरी बड़ी साझेदारी है। इससे पहले ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा के बीच 2022 में इसी मैदान (एजबेस्टन) पर 222 रनों की साझेदारी हुई थी। रविंद्र जडेजा ने इंग्लैंड में सातवें या उससे निचले क्रम में बतौर भारतीय बल्लेबाज सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में कपिल देव को पीछे छोड़ दिया।

दिग्गजों के एलीट क्लब में हुए शामिल

एजबेस्टन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत के टेस्ट कप्तान बने शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ इतिहास रच दिया है। दरअसल, गिल महान डॉन ब्रेडमैन और गैरी सोबर्स जैसे दिग्गजों के क्लब में शामिल हो गए हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ किसी सीरीज में बतौर कप्तान शुरुआती दो टेस्ट में शतक बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस तरह वह डॉन ब्रेडमैन, गैरी सोबर्स और ग्रीम स्मिथ केसाथ अपना भी नाम लिका चुके हैं।शुभमन गिल इंग्लैंड का दौरा करने वाले 9वें ऐसे कप्तान बन गए हैं जिन्होंने सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट मैच में शतक जड़े हैं। मोहम्मद अजहरुद्दीन के बाद वह ये कारनामा करने वाले दूसरे भारतीय कप्तान हैं। डॉन ब्रेडमैन ने 1938, गैरी सोबर्स ने 1966 और मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में ये कमाल किया था। 25 वर्षीय गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में हेडिंग्ले में 147 रन की पारी खेली थी। अब एजबेस्टन टेस्ट के पहले दिन भी उन्होंने शतक जड़ा है। वह 114 रन पर नाबाद हैं उनकी पारी की बदौलत भारत पहले दिन का खेल समाप्त होने पर 5 विकेट के नुकसान पर 310 रन बना चुका है।

अपनी पारी के दौरान शुभमन गिल ने कई सारे रिकॉर्ड अपने नाम किए। वह चौथे ऐसे भारतीय बन गए हैं जिन्होंने अपनी कप्तानी में शुरुआती दोनों टेस्ट मैच में शतक जड़े हैं। इससे पहले ये कारनामा विजय हजारे, सुनील गावस्कर और विराट कोहली कर चुके हैं। इतना ही नहीं, वह इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन टेस्ट में सेंचुरी जड़ने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। इससे पहले मोहम्मद अजरुद्दीन, दिलीप वेंगसरकर और राहुल द्रविड़ ये उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

विंडीज के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों के विशिष्ट क्लब में शामिल होंगे ब्रैथवेट

बारबाडोस, 3 जुलाई। क्रेग ब्रैथवेट आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे और वेस्टइंडीज के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले 10वें क्रिकेटर बन जाएंगे। वह विव रिचर्ड्स, क्लाइव लॉयड, ब्रायन लारा और गॉर्डन ग्रीनिज जैसे खिलाड़ियों की विशिष्ट सूची में शामिल हो जाएंगे।

पिछले कुछ वर्षों में, ब्रैथवेट सबसे लंबे प्रारूप में वेस्टइंडीज क्रिकेट की आधारशिला बन गए हैं, उन्होंने 99 टेस्ट मैचों में 12 शतकों के साथ 5943 रन बनाए हैं, उनमें से 39 में टीम का नेतृत्व किया है, किसी भी अन्य वेस्टइंडीज खिलाड़ी की तुलना में अधिक गेंदों का सामना किया है और 2022 में आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में स्थान अर्जित किया है।

उनकी यात्रा 2011 में 18 वर्षीय नवोदित खिलाड़ी के रूप में शुरू हुई, लेकिन यह विश्वास बहुत पहले ही जड़ जमा चुका था, जब उन्होंने सिर्फ़ 14 वर्ष की आयु में ही पूरे आत्मविश्वास के साथ घोषणा की थी कि वह एक दिन वेस्टइंडीज के लिए 100 टेस्ट खेलेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ दूसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर क्रेग ब्रैथवेट ने कहा, मैंने यह लक्ष्य तब तय किया था, जब मैं शायद 14 वर्ष का था - 100 टेस्ट खेलना। अब मैं 18 साल बाद वेस्टइंडीज के लिए अपना सौवां टेस्ट खेल रहा हूं । मैं बहुत आभारी हूं, और मैं बस युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनना चाहता हूं। मई 2011 में बैसेटेरे में पाकिस्तान के खिलाफ ब्रैथवेट के लिए यह ड्रीम डेब्यू नहीं था। हालांकि, उन्होंने एक बाउंड्री के साथ शुरुआत की, लेकिन 15 और 0 के स्कोर ने

उनके टेस्ट करियर की एक शांत शुरुआत को चिह्नित किया। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि इस विश्वास को जमने में समय लगा, लेकिन एक बार जब यह जम गया, तो पीछे मुड़कर नहीं देखा।

मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ़ अपने तीसरे टेस्ट में एक शानदार अर्धशतक ने फॉर्म में वापसी की, जिसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसी शीर्ष टीमों के खिलाफ अपने अगले चार मैचों में उन्होंने तीन और अर्धशतक लगाए। ब्रैथवेट को अपना पहला टेस्ट शतक बनाने में तीन साल लग गए - 2014 में पोर्ट ऑफ स्पेन में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक संयमित पारी - लेकिन यह एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ, जिसने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम में उनकी जगह को मजबूत किया। उन्होंने कहा, न्यूजीलैंड के खिलाफ मेरा पहला शतक एक ऐसा एहसास था जिसे मैं वास्तव में शब्दों में बयां नहीं कर सकता।

नीरज चोपड़ा क्लासिक को सफल बनाने में कर्नाटक सरकार के सहयोग को सराहा

बेंगलुरु, 3 जुलाई। दो बार के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने नीरज चोपड़ा क्लासिक को लेकर निरंतर सहयोग के लिए कर्नाटक सरकार, कर्नाटक ओलंपिक संघ और युवा सशक्तिकरण एवं खेल विभाग की प्रशंसा की है - जो भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और देश की पहली अंतरराष्ट्रीय मार्क्ड भाला फेंक प्रतियोगिता है।

शनिवार, 5 जुलाई, 2025 को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन नीरज खुद जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ मिलकर कर रहे हैं और इसे विश्व एथलेटिक्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली है। इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स, खेल की वैश्विक शासी संस्था द्वारा गोल्ड लेवल का दर्जा भी दिया गया है - जो इसके पैमाने और महत्व को मान्यता देता है।

इस आयोजन की तैयारी में, स्टेडियम में काफी बदलाव किया गया है। कई स्टैंडों में बैठने की व्यवस्था को नया रूप दिया गया है, नॉर्थ स्टैंड में कॉर्पोरेट और वीवीआईपी बॉक्स लगाए गए हैं, और प्रशंसकों को रनवे और इनफील्ड एक्शन का नजदीक से नजारा दिखाने के लिए पिच-साइड हॉस्पिटैलिटी जोन बनाया गया है। साउथ स्टैंड में एक मनोरंजन मंच बनाया गया है, जबकि एथलीटों के लिए इष्टतम प्रदर्शन की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए मुख्य टर्फ को नए सिरे से बिछाया गया है। मार्क्ड इवेंट से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नीरज चोपड़ा ने कहा, मैं कर्नाटक सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

लिवरपूल फॉरवर्ड जोटा की कार दुर्घटना में मौत

लंदन, 3 जुलाई। पुर्तगाल और लिवरपूल के स्टार फॉरवर्ड डिओगो जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की कार दुर्घटना में मौत हो गई है। वह 28 वर्ष के थे। स्पेन के जमोरा प्रांत में हुई इस दुर्घटना में पुर्तगाल फॉरवर्ड के भाई आंद्रे सिल्वा की भी मौत हो गई। 26 वर्षीय जोटा पुर्तगाली सेकेंड-टियर क्लब पेनाफिल के साथ एक पेशेवर फुटबॉलर भी थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जोटा और उनके भाई की आज स्थानीय समयानुसार लगभग 00:30 बजे कार दुर्घटना में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि उनकी कार का एक अन्य वाहन को ओवरटेक करते समय टायर फट गया और सड़क से फिसलने के बाद उसमें आग लग गई। जोटा ने पिछले महीने ही अपने लंबे समय की साथी रूटे कार्डसो से शादी की। उनके तीन बच्चे हैं। उल्लेखनीय है कि जोटा ने पिछले सीजन में लिवरपूल को प्रीमियर लीग का खिताब जीतने में मदद की थी और पुर्तगाल के लिए भी खेला था जिसने जून में नेशंस लीग के फाइनल में स्पेन को हराया था।

टीम इंडिया का बांग्लादेश दौरा हो सकता है रिशेड्यूल

नई दिल्ली, 3 जुलाई। टीम इंडिया का अगस्त में होने वाला बांग्लादेश दौरा रीशेड्यूल होने की कगार पर पहुंच चुका है। इसके पीछे का कारण है कि बीसीसीआई को अभी भारत सरकार से बांग्लादेश दौरे पर जाने की अनुमति नहीं मिली है। इस बीच बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भी इस दौरे के रीशेड्यूल होने का हिंट दे दिया है।इस सीरीज के तहत 3 वनडे और इतने ही टी20 मैच खेले जाने थे, जिसकी शुरुआत 17 अगस्त से ढाका में होनी थी। हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की मीडिया समिति के अध्यक्ष इफ्तिखार रहमान ने एएफपी को बताया कि बीसीसीआई ने उन्हें सूचित किया है कि दौरे में देरी हो सकती है। बीसीसीआई ने इस दौरे को लेकर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। रहमान ने बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए कहा कि, ये दौरा एफटीपी का हिस्सा है, इसलिए इसे कैंसल करना कोई विकल्प नहीं है, लेकिन इसे आपसी सहमति से किसी समय पर रीशेड्यूल किया जा सकता है।

गिल एक शानदार कप्तान और बेहतरीन बल्लेबाज : जायसवाल

बर्मिंघम, 3 जुलाई। भारत के सलामी बल्लेबाज़ यशस्वी जायसवाल ने अपने कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा है कि वह एक शानदार कप्तान और एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं और उनके साथ साझेदारी का वह बल्लेबाजी के साथ-साथ ड्रेसिंग रूम में भी लुत्फ उठाते हैं। एजबस्टन टेस्ट के पहले दिन 87 रन की पारी खेलने और गिल के साथ भारतीय पारी को संभालने वाली साझेदारी करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए जायसवाल ने कहा, गिल की कप्तानी अभी तक बेहतरीन रही है। हम साथ में बल्लेबाजी का लुत्फ उठाते हैं और कोशिश करते हैं कि जो पिच पर सेट है, वह खेल को आगे तक ले जाएं। हमारे बीच यही बात भी होती है कि सीजन-दर-सीजन हम कैसे खेल सकते हैं। ड्रेसिंग रूम में भी हमारे बीच यही बातें होती हैं। वह एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं और जिस तरह से उन्होंने अब तक इस सीरीज में बल्लेबाज़ी की, वह शानदार है। गौरतलब है कि एजबस्टन टेस्ट में भारतीय टीम ने अपने एकादश में तीन बदलाव किया, लेकिन फिर भी इस एकादश में जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव जैसे आक्रामक गेंदबाज नहीं थे, जो विपक्षी टीम के 20 विकेट लेने की कुव्वत रखते हैं। जहां बुमराह को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत एक सप्ताह के ब्रेक के बाद भी आराम दिया गया, वहीं कुलदीप की जगह वॉशिंगटन सुंदर की ऑलराउंड क्षमता को प्राथमिकता दी गई। इसको लेकर गिल की बहुत आलोचना भी हो रही है। हालांकि जायसवाल ने इससे इनकार किया कि गिल पर इन बातों को लेकर कोई दबाव भी था। उन्होंने कहा, बल्लेबाजी के साथ-साथ एक कप्तान के रूप में भी वह (गिल) अब तक बेहतरीन रहे हैं। उनके दिमाग में क्या चल रहा है, इसको लेकर वह स्पष्ट भी हैं। उन्हें पता है कि उन्हें क्या करना है और हमें (टीम को) उन पर पूरा भरोसा भी है। हम सब अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश कर रहे हैं। आज टीम चयन में भी उनके ऊपर कोई दबाव या कन्फ्यूजन नहीं था।

रोहन बोपन्ना और सैंडर गिल पहले दौर में ही हुए बाहर, युकी-गैलोव दूसरे दौर में पहुंचे

लंदन, 3 जुलाई। विंबलडन में बुधवार का दिन भारतीय फैंस के लिए बेहद निराशाजनक रहा है। इस दौरान भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार सैंडर गिल शुरुआती दौर में हारकर पुरुष युगल स्पर्धा से बाहर हो गए। बता दें कि, इस जोड़ी को तीसरी वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी केविन क्राविएट्ज और टीम पुएट्ज से एक घंटे और चार मिनट में 3-6, 4-6 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।वहीं भारत के अन्य युगल स्टार युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने फ्रांस के मैनुअल गुइनार्ड और मोनाको के रोमेन अर्नेडो को सीधे सेटों में हराकर विंबलडन पुरुष युगल प्रतियोगिता के दूसरे दौर में प्रवेश किया। एक घंटे और 49 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 16वीं वरीयता प्राप्त इंडो-अमेरिकन जोड़ी ने अर्नोडो और गुइनार्ड को 7-6 , 6-4 से हराया।

राडुकानू और फ्रिट्ज विंबलडन के तीसरे दौर में

ब्रिटेन की महिला टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानू और अमेरिका के दिग्गज टेलर फ्रिट्ज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर विंबलडन टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बना ली है। एम्मा राडुकानू ने चेक गणराज्य

की पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को हराकर विंबलडन चैंपियनशिप के महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। 82 मिनट तक चले मुकाबले में राडुकानू ने वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया।

एन श्रीराम बालाजी और एम ए रेयेस-वरेला की जोड़ी पुरुष युगल के दूसरे दौर में

भारतीय टेनिस खिलाड़ी बालाजी और उनके मैक्सिकन जोड़ीदार एम ए रेयेस-वरेला ने अमेरिका की लर्नर टीएन और एलेक्जेंडर कोवासेविक की जोड़ी को गुरुवार को हराकर विंबलडन पुरुष युगल मुकाबले के दूसरे दौर में जगह बना ली है। आज यहां बालाजी और रेयेस की जोड़ी ने अपने शुरुआती दौर के मुकाबले में अमेरिका के लर्नर टीएन और अलेक्जेंडर कोवासेविक की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से आसानी से हरा दिया। इंडो-मैक्सिकन जोड़ी ने दोनों सेटों के तीसरे गेम में अपने अमेरिकी प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस तोड़ी।

नौरी ने टियाफो को हराया, सिएरा से हाकर बौल्टर हुए टूर्नामेंट से बाहर

ब्रिटेन के स्टार कैमरून नौरी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले में फ्रांसेस टियाफो को हराकर विंबलडन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी नौरी ने बुधवार को खेले गये मुकाबले में अमेरिका के टियाफो के खिलाफ 4-6, 6-4, 6-3, 7-5 से जीत दर्ज की और अब नौरी का अगला मुकाबला इटली के विश्व नंबर 73 मैटिया बेलुची से होगा।

राजस्थान की आस्था माथुर ने बीसीसीआई मैच रेफरी एग्जाम में पांचवां स्थान हासिल किया

आस्था माथुर बनी बीसीसीआई पैनल मैच रेफ्ररी

जयपुर, 3 जुलाई। राजस्थान की आस्था माथुर ने बीसीसीआई द्वारा जून माह में आयोजित मैच रेफरी एग्जाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवा स्थान हासिल किया।राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा फरवरी माह में बीसीसीआई पैनल मैच रेफ्ररी एग्जाम में भाग लेने वाले संभावितों के चयन हेतु राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले अनुभवीपूर्व खिलाडियों का राज्य स्तरीय मैच रेफ्ररी एग्जाम आयोजित किया गया था जिसमे प्रथम 3 स्थान हासिल करने वाले पूर्व खिलाडी आस्था माथुर , शलेंद्र गहलोत व पुनीत यादव ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए दिनांक 17 - 19 जून को अहमदाबाद में आयोजित बीसीसीआई मैच रेफ्ररी एग्जाम में भाग लिया व राजस्थान की आस्था माथुर ने बीसीसीआई मैच रेफ्ररी एग्जाम में 77 . 5 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए पांचवा स्थान हासिल किया। बीसीसीआई द्वारा आयोजित मैच रेफ्ररी एग्जाम में प्रथम 10 स्थान हासिल करने वाले रेफ्ररी को बीसीसीआई मैच रेफ्ररी पैनल में शामिल किया गया। आरसीए एडहॉक कमेंटी संयोजक डी डी कुमावत, सदस्य धनञ्जय सिंह खींवसर, पिंकेश पोरवाल, आशीष तिवारी व मोहित यादव ने आस्था माथुर को बीसीसीआई मैच रेफरी एग्जाम में पांचवा स्थान हासिल करने व बीसीसीआई पैनल मैच रेफ्ररी बनने पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।